तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 नवनियुक्त महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने प्रदेश नेतृत्व



11 गायत्री परिवार की पहल पर गांव-गांव गूंजा नशा ...



# गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव की तैयारियों की मंत्री दयाल दास ने की समीक्षा

## अधिकारियों को सौंपी गईं अहम जिम्मेदारियां, आयोजन को भव्य व गरिमामय बनाने के निर्देश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के नवागढ़ में 26 से 28 दिसंबर तक प्रस्तावित राज्य स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव की तैयारियों को लेकर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने जनपद पंचायत नवागढ़ में अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में मंत्री ने आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। मंत्री श्री बघेल ने कहा कि गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव राज्य स्तर का प्रतिष्ठित सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें प्रदेशभर से पंथी नृत्य दल, सामाजिक प्रतिनिधि एवं सतनाम पंथ के बड़ी संख्या में अनुयायी शामिल होंगे। ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता, समन्वय और समयबद्धता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता एवं साफ-सफाई दर्शकों के लिए पर्याप्त बैठक व्यवस्था, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल सुव्यवस्थित पार्किंग, मुख्य मंच एवं सहायक मंचों की तैयारी

आकर्षक साज-सज्जा, बेरीकेटिंग एवं पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक प्रबंध निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से आम नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं कलाकारों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।

### स्थल निरीक्षण कर दिए सुधार के निर्देश

समीक्षा बैठक के पश्चात मंत्री श्री बघेल ने प्रस्तावित आयोजन स्थल का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार करने और तैयारियों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव छत्तीसगढ़ की लोक कला, संस्कृति और सामाजिक समरसता का जीवंत प्रतीक है, जिसे सफल और यादगार ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### क्लैट में विवेक की शानदार सफलता



**नवागढ़।** प्रेरणा विद्यालय के कक्षा 12वीं (कॉमर्स) के होनहार छात्र विवेक सेन ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य की ओबीसी श्रेणी में 83वीं रैंक हासिल कर विद्यालय, परिवार और नवागढ़ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विवेक, अर्जुन सेन के सुपुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से नवागढ़ क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण है। विवेक सेन की यह सफलता इसलिए भी विशेष मानी जा रही है क्योंकि उन्होंने अपनी नियमित स्कूली पढ़ाई के साथ-साथ क्लैट जैसी कठिन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ की। वे विद्यालय के हॉस्टल में रहकर अध्ययनरत रहे और हॉस्टल की अनुशासित ▶▶| शेष पेज 11 पर

## गड़बड़ी

### संधारण में लापरवाही, सलधा-संडी मार्ग पर हादसों का बढ़ता खतरा

# सलधा-संडी मार्ग महज 19 माह में जर्जर, सुरक्षा पर खतरा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- धार्मिक और जन आवागमन प्रभावित: श्रद्धालु और वाहन चालक खतरे में

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के तहत सलधा से संडी तक निर्मित 3.13 किमी लंबा डामरीकृत मार्ग निर्माण के महज 19 माह के भीतर ही जर्जर अवस्था में पहुंच गया है। सड़क के कई हिस्सों में डामरीकरण उखड़ चुका है, जबकि कुछ स्थानों पर सड़क धंसकर गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है। इससे निर्माण गुणवत्ता, संधारण कार्य और विभागीय निगरानी पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं। वही मार्ग पर स्थित पुल के पास अंधा मोड़ और बीच सड़क धंसे गड्ढे वाहन चालकों के लिए सबसे बड़ा जोखिम बने हुए हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, रात के समय दृश्यता कम होने से दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। इस स्थान पर पहले भी कई राहगीर गिरकर घायल हो चुके हैं, लेकिन अब तक न तो स्थायी सुधार हुआ है और न ही किसी प्रकार की चेतावनी व्यवस्था की गई है। संधारण अवधि के दौरान ठेकेदार द्वारा घास कटाई, साइड शोल्डर की मरम्मत, नाली सफाई, पॉटहोल सुधार, बीटी पैच में इमल्शन भराई तथा पुल-पुलियों की देखरेख जैसे कार्य किए जाने का दावा किया गया था। हालांकि मौके पर साइड शोल्डर अधूरे नजर आ रहे हैं, कई स्थानों पर पॉटहोल जस के तस हैं और दरारें लगातार फैलती जा रही हैं। इससे स्पष्ट है कि संधारण कार्यों में गंभीर लापरवाही बरती गई है।

संडी स्थित सिद्धि माता मंदिर में तेरस मास और चैत्र नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। यह मार्ग धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, फिर भी सड़क की जर्जर हालत बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि पर्व के दिनों में वाहनों की संख्या बढ़ने से हादसों की आशंका और भी अधिक हो जाती है।

### स्थानीयों ने गुणवत्ता जांच की मांग उठाई

स्थानीय नागरिक रविंद्र भास्कर चौबे ने कहा कि घटिया सामग्री और तकनीकी मानकों की अनदेखी के कारण सड़क इतनी कम अवधि में खराब हो गई। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि संधारण कार्य के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण और गुणवत्ता जांच क्यों नहीं की गई। ग्रामीणों ने पूरे मामले की तकनीकी जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

### विभागीय दावे और जमीनी हालात में अंतर

ग्रामीण सड़कों को बेहतर बनाने और समय पर संधारण के विभागीय दावे सलधा–संडी मार्ग की स्थिति से मेल नहीं खाते। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र मरम्मत नहीं कराई गई, तो यह मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकता है। फिलहाल क्षेत्रवासी प्रशासन से तत्काल सुधार कार्य शुरू कराने और भविष्य में ऐसी लापरवाही रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की अपेक्षा कर रहे हैं।

# 29, 30 व 31 दिसंबर को तीन दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे कर्मचारी-अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर जिले के कर्मचारी एवं अधिकारी 29, 30 व 31 दिसंबर तीन दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल को लेकर फेडरेशन द्वारा 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में जिलाधीश, बेमेतरा को मांग पत्र एवं ज्ञापन सौंपा गया।

फेडरेशन की प्रमुख मांगों में मोदी की गारंटी को लागू करने, केंद्र के समान देय तिथि वर्ष 2019 से महंगाई भत्ते की एरियर राशि का भुगतान, जीपीएफ खाते में समायोजन, सहित कर्मचारियों से जुड़ी अन्य लंबित मांगें शामिल हैं। इस अवसर पर फेडरेशन जिला बेमेतरा के संयोजक अश्वनी बेनर्जी, महासचिव नानक साहू सहित धर्मेंद्र शर्मा, बलदाऊ पटेल, हिरेन्द्र सिन्हा, राजेश जायसवाल, योगेंद्र भार्गव, जी.एल. खुटियारे, के.एस. परते, आर.एल. जायसवाल, विक्रम देवांगन तथा विभिन्न विभागों और संगठनों के जिलाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी–अधिकारी उपस्थित रहे। फेडरेशन पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# नया बैंक सहकारिता को देगा नई रफ्तार : बेलचंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- 21 दिसंबर को लोकार्पण, घोटालों पर सख्त- बोले: शराब घोटाले से भी बड़ा मामला सामने आएगा

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बेमेतरा में तैयार हुआ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का नया भवन जिले की सहकारिता व्यवस्था को मजबूती, पारदर्शिता और आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि यह भवन केवल ईंट–सीमेंट की संरचना नहीं, बल्कि किसानों और खाताधारकों के विश्वास का केंद्र बनेगा।

पुराने रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकारवार्ता में बेलचंदन ने जानकारी दी कि सहकारिता पुरुष प्यारे लाल ठाकुर की जयंती पर जिस बैंक भवन का भूमिपूजन किया गया था, वह अब पूर्ण होकर तैयार हो चुका है। इसका लोकार्पण कल 21 दिसंबर रविवार को किया जाएगा। लोकार्पण के साथ ही भवन में 6 एटीएम की सुविधा भी प्रारंभ की जाएगी, जिससे ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि सनातन परंपरा की एकादशी तिथि, भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के दिन शासन द्वारा उन्हें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग का अध्यक्ष तथा नरेश यदु को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। दोनों ने 17 दिसंबर को विधिवत पदभार ग्रहण किया। नई कार्यकारिणी का लक्ष्य सहकारिता संस्थाओं को भ्रष्टाचार-मुक्त, जवाबदेह और किसान हितैषी बनाना है। प्रेसवार्ता में उपाध्यक्ष नरेश यदु, जिला पंचायत सदस्य प्रीतम चंदेल,प्रशांत अग्रवाल,पूर्व बैंक संचालक हर्षवर्धन तिवारी नथमल कोठारी, संजीव तिवारी सहित बड़ी संख्या में सहकारिता से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 18 से 2023 के कार्यकाल तक संगठित घोटाला किया गया, होगी जांच

पत्रकारों के सवालों के जवाब में अध्यक्ष बेलचंदन ने बीते कांग्रेस कार्यकाल में ताल पत्री, सूतली एवं प्रत्येक सोसायटी में फ्लैश के बिल को लेकर तीखा रुख अपनाते हुए उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य अनियमितता नहीं, बल्कि एक संगठित घोटाला है, जो जांच में शराब घोटाले से भी बड़ा निकल सकता है। उन्होंने संकेत दिए कि आने वाले समय में इस मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं। पुराने धान खपाने के मामले पर उन्होंने साफ कहा कि इसकी निष्पक्ष जांच कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों द्वारा की जानी चाहिए, ताकि दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई हो सके। इसी तरह किसान कुटीर भवन से जुड़े निर्माण और खर्चों पर भी जांच की आवश्यकता जताई गई। बेलचंदन ने बताया कि लोकार्पण समारोह में सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल, जिले के दोनों विधायक, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, भाजपा संगठन मंत्री संध्या परगनिहा, जिला भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, रजक बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिला सोसायटी अध्यक्ष संजीव तिवारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व संचालक एवं अधिकृत जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की अध्यक्षता में विकास कार्यों को मिली नई दिशा

# नगर विकास को लेकर पीआईसी की हुई अहम बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका परिषद के अंतर्गत नगर विकास को गति देने के उद्देश्य से पीआईसी (प्रेसिडेंट इन काउंसिल) की एक महत्वपूर्ण एवं निर्णायक बैठक नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की गई और भावी कार्ययोजना को लेकर ठोस मंथन हुआ। बैठक के दौरान नगर की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने, स्वच्छता व्यवस्था में व्यापक सुधार, सड़क एवं नाली निर्माण, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट व प्रकाश व्यवस्था, सहित अन्य अधोसंरचना विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने पर सहमति बनी।

अध्यक्ष विजय सिन्हा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अध्यक्ष विजय सिन्हा ने सभी पी.आई.सी. सदस्यों एवं अधिकारियों से नगरहित को सर्वोपरि रखते हुए समन्वय और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित न रखते हुए जमीन पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से क्रियान्वित करना अनिवार्य है, ताकि आमजन को उसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

### सदस्यों ने रखे महत्वपूर्ण सुझाव

बैठक में उपस्थित पी.आई.सी. सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित समस्याओं, आवश्यकताओं और विकास प्रस्तावों को रखा, जिन पर अध्यक्ष द्वारा गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र अमल का आश्वासन दिया गया। साथ ही, लंबित कार्यों की समीक्षा कर उन्हें जल्द पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

### प्रशासनिक अमला रहा मौजूद

इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा, उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, पंचू साहू, सभा पति गौरव साहू, विकास तंबोली, नीतू कोठारी, सभा पति आकिब मालकानी, राजकुमार खांडे, सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई।

### नगर विकास को मिलेगी नई गति

पी.आई.सी. की इस बैठक को नगर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि लिए गए निर्णयों के प्रभावी क्रियान्वयन से नगरवासियों को आने वाले समय में बेहतर बुनियादी सुविधाएं और सुव्यवस्थित नगर व्यवस्था का लाभ मिलेगा।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता- कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### ब्लास्ट फर्नेस-8 ने हॉट मेटल उत्पादन का रचा नया कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 महामाया"ने 10 दिसंबर को 9,606 टन हॉट मेटल का उत्पादन कर नया दैनिक रिकॉर्ड स्थापित किया। ब्लास्ट फर्नेस-8 ने 5 मार्च को दर्ज 9,515 टन हॉट मेटल उत्पादन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया उत्पादन कीर्तिमान बनाने में सफलता प्राप्त की। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने शॉप फ्लोर पहुँचकर बीएफ-8 टीम को बधाई दी। उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस बिरादरी को इसी उत्साह और एकजुटता के साथ उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया, व उत्पादन के साथ उत्पादकता एवं टेक्नो-इकोनॉमिक्स में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु टीम को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, तुषार कान्त, बीके बेहेरा, तुलाराम बेहरा, मनोज कुमार, राहुल श्रीवास्तव, इंद्रजीत सेनगुप्ता, प्रमोद कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने इस उपलब्धि को सामूहिक प्रयास, बेहतर समन्वय और सतत सुधार की प्रतिबद्धता का परिणाम बताया।

### संयंत्र के एसएमएस 3 में नई ईओटी क्रेन 29 ए का उद्घाटन



**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र ने स्टील मेल्टिंग शॉप–3 के बिलेट यार्ड में नई ईओटी क्रेन–29ए की सफल कमीशनिंग के साथ आधुनिकीकरण की दिशा में प्रगति दर्ज की। यह अत्याधुनिक क्रेन पुरानी डीसी-टाइप क्रेन–29 का स्थान लेगी, जिसे तकनीकी सीमाओं, स्पेयर पार्ट्स की अनुपलब्धता और बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के कारण सर्वे के उपरान्त हटाया गया था। क्रेन का शुभारंभ प्रभारी कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार तथा कार्यपालक निदेशक पीके सरकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बीके बेहरा, जीएमप्रणय कुमार, सीजीएण प्रमोद कुमार, त्रिभुवन बैठा जीएम पी. सत्पथी, महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस, एसके मिश्रा, डी विजिथ और जेरी निनन सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। कमीशनिंग गतिविधियों में एसएमएस–3 की टीम उप महाप्रबंधक एस. के. सोनी, सहायक महाप्रबंधक युवराज ठवरे और डीके वर्मा, सहायक अजित कुमार तथा सामंता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।मेसर्स ब्रेथवेट द्वारा आपूर्ति की गई यह नई क्रेन–29ए उन्नत एसी-आधारित ड्राइव, आधुनिक कंट्रोल सिस्टम और बेहतर इलेक्ट्रोमैग्नेट तकनीक से लैस है। इसका बैटरी–बैकअप सपोर्ट इलेक्ट्रोमैग्नेट सिस्टम अचानक बिजली बाधित होने की स्थिति में था। यह बिलेट के गिरने जैसी घटनाओं को रोकने में अत्यंत महत्वपूर्ण सुरक्षा सुविधा प्रदान करता है।

# डैमेज आवासों में रह रहे हजारों लीजधारी, सुरक्षित मकान देने ओए ने बनाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

टाउनशिप के सैकड़ों आवासीय लीजधारियों को सुरक्षित मकान प्रदान करने के लिए बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन ने दोतरफा दबाव बनाना शुरू कर दिया है। इससे बीस साल से जर्जर ब्लाकों में निवासरत सेवानिवृत्त कर्मियों को राहत मिलेगी वहीं अवैध कब्जाधारियों से भी राहत मिलेगी।

ओए के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने कार्यपालक निदेशक पवन कुमार से चर्चा कर मांग किया है कि असुरक्षित घोषित भवनों में निवासरत लीजधारकों को समतुल्य सुरक्षित मकान प्रदान करने के लिए सुगम योजना बनायी जाये। लीजधारकों को लीज योजना में किए गए भुगतान के अनुसार समतुल्य मकान प्रदान किया जाये न कि मकानों की श्रेणी को देखा जाए।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र ने 5 चरणों में 4500 मकानों को लीज पर दिया था। अनुबंध के दौरान लीजधारकों ने उस समय के बाजार भाव के हिसाब से भुगतान किया था। भिलाई टाउनशिप के मकानों को वर्ष 2000 से 2004 के बीच सेल कार्मिकों को लीज योजना के तहत लीज पर दिया गया था। वर्तमान में हास्पिटल सेक्टर और सेक्टर-6 के कई मकान जो कि लीज पर दिये गये थे, अत्यंत जर्जर स्थिति में है। नगर सेवा विभाग के द्वारा उन भवनों को असुरक्षित घोषित किया जा चुका है, जिसके बाद उन असुरक्षित भवनों में सिर्फ लीजधारी निवासरत हैं। श्री बंछोर ने बताया कि लीजधारी बीएसपी के वर्तमान या पूर्व कार्मिक हैं, वे अत्यंत ही असुरक्षित स्थिति में इन भवनों में निवासरत है।

## ओए अध्यक्ष बंछोर ने बीएसपी के कार्यपालक निदेशक से जल्द अच्छे मकान उपलब्ध कराने की चर्चा

### दुर्घटनाएं टलने के आसार

सेल प्रबंधन के समक्ष ओए द्वारा अनेक बार उनके आवास के समतुल्य अन्य सुरक्षित आवास प्रदान किये जाने की मांग की जा चुकी है। ओए-बीएसपी भिलाई के सुरक्षित परिवेश को बचाये रखने के लिए हमेशा इन असुरक्षित भवनों को खाली कराकर डिस्मेंटल की मांग करता रहा है। इससे इन असुरक्षित घोषित भवनों से संभावित दुर्घटनाएं टलने के आसार हैं। सेक्टर 6 के सभी असुरक्षित भवनों को डिस्मेंटल किया जा सकेगा और असुरक्षित भवनों में कब्जा कर असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों को टाउनशिप से बाहर किया जा सकेगा तथा बीएसपी के कार्मिकों के लिए नये आवास का निर्माण भी किया जा सकेगा।

### लीजधारी कब्जाधारी नहीं हैं



श्री बंछोर ने बीएसपी प्रबंधन से कहा कि पूर्व प्रबंधन के एक गलत निर्णय के तहत कुछ वर्षों पहले हजारों मकान अवैध कब्जाधारियों को टाउनशिप में लाइसेंस में मकान दिए गए थे और देश के किसी सार्वजनिक उपक्रम में इस तरह के फैसले कभी नहीं होते। उनमें कई मकान हास्पिटल सेक्टर व सेक्टर-6 में इन कब्जाधारियों को लाइसेंस में दिए गए थे। सेक्टर-6 के इन मकानों में रहने वाले थर्ड पार्टी कब्जाधारियों को रिसाली सेक्टर के मकानों का आबंटन नगर सेवा विभाग द्वारा कुछ समय पहले किया गया है। बीएसपी में 35 से 40 वर्षों की सेवा करने वाले सेवानिवृत्त कार्मिकों को,जो वैध लीजधारी हैं और लाखों का भुगतान करके इन मकानों को लीज में लिया था, उन्हें भी अवैध कब्जाधारियों के समतुल्य माना जा रहा है।

## वैशाली नगर थाना में महज 1 मौत, जागरुकता से मिली सफलता

# तीन साल की अपेक्षा इस साल हादसों में सबसे कम मौत, कम हादसे वाला थाना रानीतराई

जेएम तांडी ▶▶ भिलाई

जिले में होने वाले सड़क हादसों में बीते तीन सालों में कमी आई है। पुलिस का कहना है कि सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होने के चलते यह संभव हो पाया है। आंकड़ों की बात की जाए तो साल 2023 में 1155 हादसों में मृतक 315, वर्ष 2024 में हादसा 1230, मृतक 345 और वर्ष 2025 में हादसा 1230, मौत 330 हुई है।

जनवरी से लेकर दिसंबर तक दुर्ग जिले के 24 थाना क्षेत्र में 1005 लोग हादसों में घायल हुए हैं। सबसे अधिक हादसों में मौत थाना नंदिनी में 61 हादसों में 36 लोगों की जान गई है। इसके बाद पुलगांव में 79 हादसों में 32 मौत हुई। पुरानी भिलाई में 87 हादसे में 27 मौत, कुम्हारी में 56 हादसे में 16 मौत हुई है। वहीं वैशाली नगर थाना में 25 हादसों में सिर्फ 1 की मौत हुई है। सबसे कम मौत वाला थाना क्षेत्र वैशाली नगर बन गया है। जबकि सबसे कम हादसो वाला थाना रानीतराई है जहां 6 हादसों में 2 मौत हुई है। जनवरी से लेकर दिसंबर में हुए हादसों पर गौर करें तो प्रतिमाह औसतन 80 हादसे जिले में हो रहे हैं। हादसे भी सबसे अधिक वाहन चालकों की लापरवाही बड़ा कारण बनकर सामने आ रहा है। सड़कों पर तेज गति से वाहन चलाने, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने पर चालक इसके शिकार हो रहें है।

**जनवरी से दिसंबर तक 330 मौत**




### ट्रैफिक सुरक्षा पर ध्यान नहीं

ट्रैफिक नियमों को दरकिनार करना भी हादसों का बड़ा कारण है। ट्रैफिक नियम को चालक मानकर चलेगा तो हादसों में अंकुश आसानी से लगाया जा सकता है। इसके अलावा कार चलाते समय सीट बेल्ट, बाइक हेलमेट, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, नशा भी मौत का बड़ा कारण सामने आया है। ट्रैफिक पुलिस इसे लेकर लगातार अभियान चलाकर वाहन चालकों को समझाइशा देती रही है। हेलमेट नहीं पहनने वाले हादसों में सिर पर चोट लगने से अधिक मौत जिले में हो हुई है।

### तीन साल में इतने हादसे

| माह | 2023 | 2024 | 2025 |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 38 | 41 | 47 |
| फरवरी | 30 | 27 | 30 |
| मार्च | 29 | 24 | 37 |
| अप्रैल | 24 | 28 | 40 |
| मई | 18 | 36 | 23 |
| जून | 27 | 41 | 27 |
| जुलाई | 31 | 16 | 21 |
| अगस्त | 24 | 31 | 22 |
| सितंबर | 22 | 20 | 25 |
| अक्टूबर | 28 | 34 | 26 |
| नवम्बर | 23 | 27 | 32 |
| दिसंबर | 21 | 20 | - |
| कुल | 315 | 345 | 330 |

### जागरुकता अभियान लगातार जारी



ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहनों चालकों को अभियान चलाकर जागरुक किया जा रहा है। इसके कारण ही हमें रिजल्ट मिला। वर्ष 2025 के शुरुआती दौर से ही चालको को जागरुक करते आ रहें है। नशे में वाहन चलाने वालों पर बड़ी धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।आने वाले साल में भी इससे बेहतर परिणाम मिलेगा।

**विजय अग्रवाल,** एसएसपी, दुर्ग

# संयुक्त मोर्चा ने की देय तारीख से तीन प्रतिशत डीए की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अपनी सात सूत्रिय मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ शासन के वित्त सचिव मुकेश बंसल से मंत्रालय में मुलाकात की। इस दौरान देय तिथि से तीन प्रतिशत डीए की मांग की गई।

एक मांग एक मंच हस्ताक्षर अभियान के तहत केंद्र के समान डीए एवं वर्ष 2019 से डीए एरियर्स की मांग को लेकर प्रथम चरण में पूरे प्रदेश से हस्ताक्षरित सोलह हजार आवेदन की सूची वित्त सचिव को सौंपी गई। संयुक्त मोर्चा की ओर से अनिल शुक्ला ने मोदी की गारंटी के तहत राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को एक जुलाई से देय तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता तथा जुलाई 2019 से दिए गए महंगाई भत्ता के एरियर्स राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने, तीन सौ दिन के अर्जित अवकाश का नकदीकरण,1 जुलाई 2023 से चतुर्थ समयमान वेतनमान लागू करने की मांग की गई। साथ ही दैनिक वेतनभोगी, संविदा और आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का नियमितीकरण, कर्मचारियों और पेंशनरों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा तथा राज्य के पेंशनरों को मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) के तथाकथित बंधन से मुक्त रखने की सभी मांगो को रखते हुए वित्त मंत्री के समक्ष प्रस्ताव भेजने की मांग की। वित्त सचिव ने सरकार की वित्तीय कठिनाइयों का हवाला देते हुए कहा कि सरकार सभी कर्मचारियों को समय पर वेतन दे रही है। यह कर्मचारियों को लिए बहुत बड़ी राहत की बात है। मोर्चा के प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार हर वर्ष बजट में कर्मचारियों के लिए वेतन भत्ते के मद में दस प्रतिशत का बजट प्रावधान करने के बाद भी कर्मचारियों एवं पेंशनरों को आठ महीने बाद बिना एरियर्स के महंगाई भत्ते का भुगतान शासन करती है,आखिर में महंगाई भत्ते की एरियर्स राशि को सरकार किस मद में खर्च करती है यह सभी कर्मचारियों के संज्ञान में आना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल में विभिन्न कर्मचारी, अधिकारी एवं पेंशनर संगठनों के प्रतिनिधि अनिल शुक्ला, महेंद्र सिंह राजपूत, करण सिंह अटेरिया, विद्या भूषण दुबे, डॉ जितेंद्र सिंह ठाकुर आदि शामिल थे।

■ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने वित्त सचिव से की चर्चा

# शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता अनुकूल पाठ्यक्रम तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता आदेश के बाद शिक्षकों में हड़कंप की स्थिति है। शिक्षकों के हिसाब से एनसीटीई के पाठ्यक्रम की समीक्षा करते हुए शिक्षकों के अनुकूल पाठ्यक्रम का निर्धारण कर दो साल के भीतर 6 विभागीय टीईटी परीक्षा आयोजित करने का सुझाव दिया है। इसके लिए विभाग द्वारा ऑनलाइन क्लास व प्रशिक्षण की भी मांग की गई।

शालेय शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे के नेतृत्व में संगठन का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी से मिलकर प्रदेश के शिक्षकों के हितों के संरक्षण हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की व ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र दुबे एवं महासचिव धर्मेश शर्मा ने बताया कि शालेय शिक्षक संघ सदैव शिक्षकों की समस्याओं के उचित समाधान हेतु तत्पर रहता है इसी सिलसिले में शिक्षासचिव से मिलकर प्रदेश के शिक्षकों में सुप्रीम कोर्ट निर्णय पश्चात टीईटी की अनिवार्यता को लेकर बड़ी चिंता देखी जा रही है। शालेय शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि अतिशेष हेतु जिस सेटअप को लाया गया उसके चलते, युक्तियुक्तकरण के बाद हजारों स्कूल में पदोन्नति व सेवानिवृति के बाद पुनः शिक्षक विहीन और एकल शिक्षक शाला जैसी स्थिति पैदा हो गई है। क्योंकि अतिशेष बनाते वक्त अदूरदर्शिता का अभाव स्पष्ट परिलक्षित हो रहा था। सरकार व शिक्षामंत्री ने युक्तियुक्तकरण करने का संकल्प, सार्थक उद्देश्य हेतु किया था पर उसका क्रियान्वयन करने वालो ने उन उद्देश्यों के पलीता निकालकर शासन के विरुद्ध आक्रोश पैदा करने का काम कर दिया, इस पर मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री जरूर संज्ञान लें। इन ज्वलंत समस्याओं के साथ अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे जिनमे लंबित व्याख्याता, मिडिल, प्राथमिक प्रधानपाठक, यूडीटी पदोन्नति देने व प्राचार्य पद पर सीमित विभागीय परीक्षा शीघ्र आयोजित करने की मांग की गई।

■ दो साल में छह विभागीय टीईटी परीक्षा आयोजित करने की मांग

# टाउनशिप में अनाधिकृत होर्डिंग्स न लगाने बीएसपी ने की अपील

**भिलाई।** भिलाई टाउनशिप में स्वच्छता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीएसपी के नगर सेवाएँ विभाग द्वारा सतत रूप से आवश्यक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसी क्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने आम नागरिकों से सहयोग एवं जिम्मेदारी निभाने की अपील की है। हाल के दिनों में टाउनशिप के चौक–चौराहों, सड़कों के किनारे तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति के बाँस–बल्ली, पेड़ों अथवा अन्य संरचनाओं पर होर्डिंग्स/पोस्टर लगाए जा रहे हैं। ऐसे अनाधिकृत गतिविधियों से न केवल शहर की सुंदरता प्रभावित होती है, बल्कि इससे दुर्घटना, अव्यवस्था, गन्दगी तथा पर्यावरण संबंधी समस्याएँ भी उत्पन्न होती हैं। राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के अंतर्गत भिलाई टाउनशिप की स्वच्छता–सौंदर्य मूल्यांकन स्तर पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अतः इस पूरे क्षेत्र की निगरानी को और सख्त कर दिया गया है।अधिकांश अनाधिकृत होर्डिंग्स यहाँ के व्यावसायिक, सामाजिक–सांस्कृतिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा लगाए जाते है। इस कारण संयंत्र प्रबंधन ने ऐसे सभी संगठनों, संस्थाओं एवं व्यक्तियों से आग्रह किया है कि वे टाउनशिप की सुरक्षा, स्वच्छता और सौंदर्य को बनाए रखने हेतु तत्काल प्रभाव से अनाधिकृत होर्डिंग्स, पोस्टर एवं बैनर लगाने की प्रथा बंद करें। साथ ही, वर्तमान में लगाए गए सभी अनाधिकृत होर्डिंग्स/पोस्टर्स/बैनर्स को शीघ्र हटवा लें।

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित टाउनशिप के निर्माण में जनसहयोग अनिवार्य है। सभी नागरिकों के सहयोग से ही टाउनशिप को बेहतर बनाया जा सकता है तथा संयंत्र द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का अधिकतम लाभ लोगों तक पहुँचाया जा सकता है।

# एसएसपी ने नए साल से पहले लंबित मामलों के निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



■ पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 भिलाई में अपराध समीक्षा बैठक

दुर्ग एसएसपी द्वारा रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 भिलाई में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों को वर्ष के अंत से पहले लंबित प्रकरणों का ठोस साक्ष्य संकलन कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। एसएसपी विजय अग्रवाल ने सीसीटीएनएस में फॉर्म-5 की एंट्री अनिवार्य रूप से कर एनसीआरबी में डाटा रिफ्लेक्ट कराने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के निर्देश भी दिए। एसएसपी ने बीट आरक्षक और प्रधान आरक्षकों द्वारा संधारित ए और बी नोटबुक की थाना प्रभारी स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करने, साथ ही इंफॉर्मेशन और ऑब्जर्वेशन नोटबुक में जरूरी सूचनाएं दर्ज कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान निगरानी बदमाशों और गुंडा तत्वों पर कड़ी नजर रखने, उनकी गतिविधियों की जांच करने और अधिक से अधिक बाउंड ओवर की कार्यवाही सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा लघु अधिनियम, माइनर एक्ट, ध्वनि प्रदूषण और कोलाहल अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए गए। क्राइम मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दुर्ग सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ऋचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू पदमश्री तंवर, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग हर्षित मेहर, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी, एसडीओपी धमधा एलेक्जेंडर किरो, एसडीओपी पाटन अनूप लकड़ा सहित जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

# नवनियुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने की मंत्री गजेन्द्र से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला भाजपा दुर्ग के विभिन्न मोर्चों के नवनियुक्त पदाधिकारियों से केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने निज निवास में मुलाकात की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को नवीन दायित्व ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए संगठनात्मक कार्यों में पूरी निष्ठा, समर्पण और सक्रियता के साथ कार्य करने प्रेरित किए। मंत्री यादव ने सभी पदाधिकारियों से संगठन के आगामी कार्यक्रमों, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और जमीनी स्तर पर पार्टी को सशक्त बनाने को लेकर चर्चा की।

इस दौरान जिलाध्यक्ष हिमांशु सिंह, जिला महामंत्री अनिकेत यादव, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, प्रदेश मंत्री कुमुद बघेल, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष खेमलाल देशलहरे और ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष तेखन सिन्हा उपस्थित थे।

## सेक्टर-6 कला मंदिर में अभाविप के 58वें प्रदेश अधिवेशन का शुभारंभ

# गौरवशाली संस्कृति, राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका पर लगी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छत्तीसगढ़ प्रदेश के 58वें प्रदेश अधिवेशन के अवसर पर भिलाई सेक्टर-6 स्थित कला मंदिर में गुरुवार को वैचारिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। यह प्रदर्शनी संघ शताब्दी वर्ष की थीम पर आधारित है, जिसमें छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति, राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका तथा अभाविप के साल भर के कार्यक्रम को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के पूर्व क्षेत्रीय कार्यवाह बिसरा राम यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आरोग्य भारती प्रांत अध्यक्ष डॉ. मानसी गुलाटी और प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा की विशेष उपस्थित रहीं।

प्रदर्शनी में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2022, अभाविप के शिल्पकार प्रो. यशवंतराव केलकर का जीवन दर्शन तथा प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख वार्षिक कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का नाम शहीद कौशल यादव के नाम पर रखा गया है। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के इतिहास एवं लोक संस्कृति, रानी अब्बक्का की 500वीं जयंती, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, संघ शताब्दी वर्ष, प्रो. यशवंत राव केलकर की जीवनी, साथ ही छत्तीसगढ़ एवं दुर्ग के प्रमुख संस्थान एवं स्थल जैसे आईआईटी भिलाई, चंडी मंदिर, भिलाई इस्पात संयंत्र को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही अभाविप के विविध आयामों एग्रीविशन, सविष्कार, थिंक इंडिया, फार्मविजन सहित प्रदेश के प्रत्येक जिले में वर्षभर किए गए कार्यों को चित्रात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है।



### देश की धड़कन को समझना है तो विद्यार्थी परिषद से जुड़ना होगा: बिसरा राम

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बिसरा राम यादव ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संघ का अनुषांगिक संगठन है, जो राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करता है। उन्होंने परिषद के मूल मंत्र अलग भाषा, अलग वेश, फिर भी अपना एक देश को रेखांकित करते हुए कहा कि यदि देश की धड़कन को समझना है तो विद्यार्थी परिषद से जुड़ना होगा।

## खबर संक्षेप

### जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र प्रक्रिया हुई ऑनलाइन

**कवर्धा।** राज्य में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सुगम बनाते हुए इसे पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। राज्य में अब जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जारी किए जा रहे हैं। भारत सरकार के महापंजीयक कार्यालय नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2023 में संशोधित ऑनलाइन पोर्टल के सफल क्रियान्वयन से यह व्यवस्था प्रभावी हुई है। अक्टूबर 2023 के बाद जन्म लेने वाले सभी बच्चों के लिए जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में जन्म प्रमाण पत्र ही एकमात्र वैध दस्तावेज होगा। इससे पहचान से जुड़ी प्रक्रियाओं में स्पष्टता और एकरूपता आई है।

### 31 दिसंबर से 7 जनवरी तक यूजीसी नेट परीक्षा

**कवर्धा।** विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) ने नेट दिसंबर-2025 परीक्षा की विषयवार तारीख जारी कर दी है। यह परीक्षा 31 दिसंबर से शुरू होकर 7 जनवरी 2026 तक चलेगी। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट ugc-net.nta.ac.in पर जाकर पूरा शेड्यूल देख सकते हैं।

### पंडरिया में स्वास्थ्य व रक्त दान शिविर कल

**कवर्धा।** देश व धर्म के लिए शहीदी देने वाले गुरु तेग बहादुर साहिब, माता गुजर कौर, चार साहिबजादे व शहीद सिंहों की याद में निशुल्क स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर 21 दिसंबर को लगेगा। बंटी दुआ ने बताया कि यह शिविर गांधी चौक स्थित जैन धर्मशाला में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। जहां डॉ. वीपी जायसवाल, डॉ. केके तिवारी, डॉ. अतुल जैन, डॉ. संगीता जैन, डॉ. मनोज चन्द्राकर, डॉ. शगुफ्ता परवीन समेत अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे।

### महात्मा गांधी नरेगा में वैज्ञानिक पद्धति युक्तधारा पोर्टल से हो रहा कार्यों का चयन

**कवर्धा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सभी निर्माण कार्यों का चयन तकनीकी पद्धति के आधार पर युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। यह कार्य महात्मा गांधी नरेगा के साथ राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग केंद्र भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के संयुक्त भूवन प्लेटफार्म पर व्यापक रूप से निर्मित युक्तधारा पोर्टल में किया जा रहा है। युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से जीआईएस टूल्स की सहायता से विभिन्न भौगोलिक और स्थनिक सूचनाओं को जोड़कर ग्राम पंचायत के लिए योजना बनाने की प्रक्रिया को और भी सरल और सामग्र बनाया गया है। ताकि वैज्ञानिक पद्धति से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास किए जाने के लिए निर्माण कार्य का चयन कर योजनाएं तैयार की जा सके। इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि जिले में युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से कार्यों के चयन की प्रक्रिया ग्रामीणों के साथ चर्चा करते हुए की जा रही है। मनरेगा में सभी अनुमेय कार्यों का वर्गीकरण नरेगा सॉफ्ट डेटाबेस के अनुसार किया गया है। जीआईएस आधारित कार्यों और ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित वार्षिक कार्य योजना के बीच एकीकरण करते हुए प्रस्तावित गतिविधियों के मूल्यांकन और स्वीकृत की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए ऑनलाइन अनुमोदन की व्यवस्था होगी।

**जागरूकता : नशा मुक्ति की ओर एकजुट हुआ समाज**

# गायत्री परिवार की पहल पर गांव गांव गूंजा नशा मुक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

समाज को नशे की कुरीति से मुक्त कर स्वस्थ, संस्कारित और उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करने के संकल्प के साथ गायत्री परिवार नवागढ़ के तत्वावधान में ग्राम बदनारा में नशा मुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम का भव्य एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। इस आयोजन ने पूरे गांव में सामाजिक चेतना की नई लहर पैदा कर दी। कार्यक्रम के अंतर्गत गायत्री मंदिर बदनारा से विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। रैली बाजार चौक, बीच पारा, महामाया चौक, साहू पारा, सतनामी पारा, डिपरा पारा सहित ग्राम के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी और पुनः गायत्री मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। रैली में शामिल महिला-पुरुष, युवाओं एवं बुजुर्गों ने नशा छोड़ो—जीवन जोड़ो, नशा मुक्त गांव—स्वस्थ समाज जैसे प्रेरक नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। पूरे मार्ग में रैली का ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

**वक्ताओं ने किया नशामुक्त जीवन का आह्वानः** रैली के समापन पश्चात आयोजित जनसभा को देवेंद्र धर दीवान, अशोक भारती, जेजी गोस्वामी एवं मिलाप राम साहू ने संबोधित किया। देवेंद्र धर दीवान ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा केवल शरीर को नहीं, बल्कि विचारों, संस्कारों और पूरे परिवार को कमजोर करता है। नशामुक्त समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकता है। अशोक भारती ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशे से दूरी बनाकर यदि युवा शिक्षा, सेवा और चरित्र निर्माण की राह पर चलें, तो समाज स्वतः सशक्त बन जाएगा। जेजी गोस्वामी ने कहा कि गायत्री परिवार वर्षों से नैतिक उत्थान, संस्कार निर्माण और सामाजिक सुधार के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और नशा मुक्ति अभियान उसी का जीवंत उदाहरण है। वहीं मिलाप राम साहू ने कहा कि नशा व्यक्ति के भविष्य पर अंधकार डाल देता है। परिवार, समाज और पंचायत यदि एकजुट होकर युवाओं को सही दिशा दें, तो इस सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त किया जा सकता है।



### जनप्रतिनिधियों व ग्रामवासियों की रही उल्लेखनीय भागीदारी

कार्यक्रम में सरपंच भूखनी जांगड़े, भवमोचन वर्मा, कमोद ठाकुर, कुमार वर्मा, शांत पटेल, राजू साहू, ढाल सिंह साहू, मनोज वर्मा, विष्णु साहू, सुरेन्द्र साहू, हेमकुमार गेंदू राम, अंगद निषाद, बिशहत, मोहिनी साहू, लक्ष्मी नारायण, भारती साहू, रोहित साहू, चैतराम साहू, चिंताराम साहू, मीना बाई, शांति साहू, रेवती साहू, रंजिता साहू, अशोक साहू, मोनिका साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने नशामुक्त समाज निर्माण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

**नशामुक्त बदनारा का लिया संकल्पः** कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमुदाय ने सामूहिक रूप से नशामुक्त जीवन अपनाने, युवाओं को नशे से दूर रखने और समाज में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने का संकल्प लिया। गायत्री परिवार नवागढ़ की यह पहल ग्राम बदनारा में सामाजिक जागरूकता, नैतिक चेतना और स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम सिद्ध हुई।



# नशामुक्ति थीम पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य गठन की रजत जयंती के अवसर पर राज्य की 25 वर्षों की उपलब्धियों को प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार 12 दिसंबर 2025 से 19 दिसंबर 2025 तक विशेष सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वामी करपात्री जी मैदान कवर्धा में समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्ति की थीम पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी बच्चों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजित 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पारस मागरे, द्वितीय स्थान पप्पू निषाद तथा तृतीय स्थान अनन्या सागर ने प्राप्त किया। वहीं 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पंकज जायसवाल, द्वितीय स्थान पुष्पेंद्र साहू एवं तृतीय स्थान पिंटू साहू ने सफलता अर्जित की। सभी विजयी प्रतिभागियों को मोमेंटो, मेडल एवं नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी, उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती अभिलाषा पंडा, अधीक्षक देवकुमार कौशिक, सुनील सरोज सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित युवाओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

# कक्षा में पहुंची जनप्रतिनिधि, बच्चों की आंखों में देखी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

**मधु रॉय ने किताबों के बीच बैठकर सुनीं बातें**



सरकारी स्कूलों की दीवारों के बीच उस दिन पढ़ाई सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रही, बल्कि भरोसे, संवाद और उम्मीदों की एक नई कहानी लिखी गई। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय जब शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रतापपुर और शासकीय हाई स्कूल चक्रवाय पहुँचीं, तो निरीक्षण औपचारिकता नहीं बल्कि बच्चों से दिल से जुड़ने का अवसर बन गया।

मधु रॉय सीधे कक्षा में पहुँचीं, बच्चों के बीच बैठीं, उनकी कॉपियां देखीं और सवाल पूछे। पढ़ाई कैसी चल रही है, क्या मुश्किलें आ रही हैं, स्कूल से क्या उम्मीदें हैं—इन सवालों ने बच्चों को बोलने का हौसला दिया। किसी ने किताब समय पर न मिलने की बात कही, किसी ने खेल के मैदान और लाइब्रेरी की कमी बताई, तो किसी ने कहा कि हम और अच्छा पढ़ना चाहते हैं, बस थोड़ा साथ चाहिए।

### जब अनुभव बने प्रेरणा

बच्चों की बातों को ध्यान से सुनते हुए मधु रॉय ने अपने छात्र जीवन और संघर्ष के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि मैं भी कभी आप ही की तरह सरकारी स्कूल की छात्रा थी। संसाधन कम थे, लेकिन हौसले बड़े थे। अगर आप मेहनत करेंगे, तो हालात कभी रास्ता नहीं रोक सकते। उनके शब्दों ने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और आँखों में आत्मविश्वास भर दिया।

### शिक्षकों को सख्त नहीं, संवेदनशील संदेश

निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों से कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम पूरा करने का नाम नहीं, बल्कि हर बच्चे के भीतर छुपी क्षमता को पहचानने की जिम्मेदारी है। डी-ग्रेड श्रेणी में आए विद्यालयों को उबारना कागज़ी रिपोर्ट नहीं, मानवीय प्रयास मांगता है।

**पूरा स्टाफ रहा उपस्थितः** इस दौरान प्रभारी शिक्षक सरोज कुर्रे एवं लिखेंद्र कुर्रे सहित विद्यालय का समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने बच्चों की समस्याओं और सुधार की दिशा में मिलकर काम करने का भरोसा दिलाया।

### शिक्षा से ही बदलेगा भविष्य

निरीक्षण के समापन पर मधु रॉय ने कहा कि अगर हम आज बच्चों की आवाज़ सुन लेंगे, तो कल उन्हें शिकायत करने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। शिक्षा से ही गांव, समाज और देश का भविष्य बदलेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि बच्चों और विद्यालयों की जरूरतों को जिला स्तर पर पूरी गंभीरता से रखा जाएगा।

# जिले के 942 बुथों में पल्स पोलियो अभियान 21 से 23 तक, 1 लाख से अधिक बच्चे लेंगे खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में 21 से 23 दिसंबर 2025 तक व्यापक पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम भारत में 1995 से शुरू हुआ एक टीकाकरण अभियान है, जिसका उद्देश्य पांच साल से कम उम्र के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाकर पोलियों से बचाव करना है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में पल्स पोलियो अभियान की तैयारी कर ली गई है। रविवार 21 दिसंबर को निर्धारित पोलियों बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई जाएगी तथा छुटे हुए बच्चों को 22 एवं 23 दिसम्बर 2025 को घर-घर भ्रमण कर पोलियो की दो बूंद पिलाई जाएगी।

विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत 28525, बोड़ला 24758, सहसपुर लोहारा 20175 तथा पण्डरिया में 39625 कुल 1,13,083 (एक लाख तेरह हजार तिरासी) बच्चों को कार्ययोजना अनुसार पोलियो की वैक्सीन पिलाये जाने का लक्ष्य है। जिसके लिए जिले में 942 बूथ बनाए गए है व 1884 टीम सदस्य है। जिसकी 377 पर्यवेक्षक द्वारा निगरानी की जाएगी तथा मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर भी टीम का गठन किया गया है, जो अलग अलग विकासखंड में निरीक्षण करेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी डॉ. डीके तुरे ने बताया कि भारत में 2011 के बाद पोलियों का एक भी प्रकरण रिपोर्ट नही किया गया है एवं निरंतर पोलियो कि पहचान के लिए सर्विलेंस किया जाता है।

पोलियों से बचाव के लिए एक साथ सभी बच्चों को पोलियों के अतिरिक्त खुराक दी जाती है ताकि संक्रमण को रोका जा सकें। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों जैसे गुड़ फैक्ट्री, ईट भट्ठा, बस स्टैंड, घुमंतू बसाहटों व शहरी स्लम एरिया में निगरानी की जाएगी व छूटे हुए बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। पल्स पोलियो अभियान के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई है. जैसे, पोलियो का वितरण, टीकाकर्मी का प्रशिक्षण, लॉजिस्टिक की उपलब्धता आदि दिवाल लेखन व माइकिंग किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि 21 दिसम्बर 2025 रविवार को आप अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की वैक्सीन अवश्य पिलावें। ''दो बूंद जिंदगी की'' भारत के स्वास्थ्य सेवा की एक बड़ी सफलता की कहानी है, जो हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने का वादा करता है।

# एंटी स्नेयर वॉक फॉर कॉम्बेटिंग वाईल्डलाइफ क्राईम पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हाल के दिनो में वन्यप्राणियों के संरक्षित क्षेत्र भोरमदेव अभ्यारण में चार बाइसन के शिकार तथा एक तेंदुआ की संदिग्ध मौत के बाद नींद से जागे वन विभाग ने वन्यप्राणियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं अवैध शिकार पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से शुक्रवार को एंटी स्नेयर वॉक फॉर कम्बेटिंग वाईल्डलाइफ क्राईम विषय पर वृत्त स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन काष्ठागार सभागार, कवर्धा में किया गया। यह कार्यशाला श्रीमती एम. मर्सीबेला, मुख्य वन संरक्षक, दुर्ग वृत्त, दुर्ग के मार्गदर्शन में तथा निखिल अग्रवाल, वनमंडलाधिकारी, कवर्धा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में माथेश्वरन व्ही, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), छत्तीसगढ़, रायपुर उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पंकज राजपूत, वनमंडलाधिकारी, खैरागढ़ वनमंडल, आयुष जैन, वनमंडलाधिकारी, राजनांदगांव वनमंडल, दिपेश कपिल, वनमंडलाधिकारी, फील्ड ऑफिसर, नोवा नेचर वेलफेयर, चन्द्रकांत तिवारी सहायक उप निरीक्षक साइबर सेल कवर्धा तथा अधिवक्ता निमिष कुमार शर्मा उपस्थित थे।

# ग्राम सिल्हाटी में किया गया जनसमस्या शिविर का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिल्हाटी

जिले के विकासखण्ड स. लोहारा अंतर्गत ग्राम सिल्हाटी में 19 दिसंबर को सुशासन सप्ताह तहत गांव की ओर जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में प्रायः सभी विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की विभाग संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया। बताया जाता है कि शिविर में अपनी समस्याएं तथा मांग लेकर बड़ी संख्या में ग्राम सिल्हाटी सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन पहुंचे थे। जिन्होने विभागीय अधिकारियों को लिखित आवेदन प्रस्तुत कर समस्याओं तथा मांगों से अवगत कराया।

प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक शिविर में 30 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया जबकि शेष आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है।

## सड़क किनारे सूखा पेड़ कभी भी हो सकता है धराशाही, दुर्घटना की आशंका



**कोलेगांव।** विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र में ग्राम प्रतापपुर से पेंड्रीकला मुख्य मार्ग के बीच सड़क किनारे राहगीरों के सिर पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, जिसके चलते कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना घट सकती है। दरअसल इस चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले प्रतापपुर से पेंड्रीकला मुख्य मार्ग के बीच सड़क किनारे लम्बे समय से एक विशालकाल सूखा पेड़ खड़ा है। ग्रामीणों की माने तो लम्बे समय खुलेआसमान के नीचे नीचे खड़ा पेड़ काफी जर्जर हो चुका है। स्थिति ये है कि इस बेजान पेड़ का एक बड़ा हिस्सा सड़क के ऊपर ही मौजूद है। ऐसी स्थिति में पेड़ कभी भी भरभराकर जमीदोज हो सकता है और अगर ऐसा हुआ तो निश्चित रूप से किसी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन तथा संबंधित विभाग से मांग की है कि किसी दुर्घटना के पूर्व इस पेड़ को हटा दिया जाए ताकि संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

**शिविर में सुनी गई लोगों की समस्याएं, स्थल पर ही समस्याओं का निराकरण**

# सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




कबीरधाम जिले में जनपद पंचायत स्तरीय एवं नगरीय निकाय स्तर पर 19 दिसंबर से 25 दिसंबर 2025 तक सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन प्रारंभ किया गया है। यह आयोजन जिले के जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय क्षेत्रो में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जन समस्या निवारण शिविर द्वारा मांग शिकायत एवं अन्य विषय से संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करते इसकी जानकारी प्रतिदिन ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा सभी जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय को पत्र जारी कर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि भारत सरकार प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग तथा राज्य शासन के निर्देशानुसार 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन के विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग से सुशासन को बढ़ावा देना है। अभियान के दौरान जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन चिन्हांकित स्थानो में होगा तथा शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याएं मांग आदि विषयों का निराकरण किया जाएगा। प्रथम जनपद स्तरीय शिविर का आयोजन 19 दिसंबर को जनपद पंचायत स. लोहारा के ग्राम पंचायत सिल्हाटी के हाई स्कूल परिसर में किया गया। इसी तरह 22 दिसंबर को जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत बिरकोना हाई स्कूल परिसर, 23 दिसंबर को जनपद पंचायत पंडरिया के मोहगांव हाई स्कूल परिसर एवं 24 दिसंबर को जनपद पंचायत बोड़ला के ग्राम पंचायत बैजलपुर मिडिल स्कूल परिसर में शिविर का आयोजन होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आगे बताया कि नगरीय निकाय स्तर पर 20 दिसंबर को नगर पंचायत बोड़ला, 22 दिसंबर को नगर पालिका कवर्धा, स.लोहारा, इंदौरी, पांडातराई एवं पिपरिया तथा 23 दिसंबर को नगर पालिका पंडरिया में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### गोड़वाना भवन के नाम पर पोती गई काली स्याही, समाज में आक्रोश

**कवर्धा।** जिले के ग्राम नवागांव में अभी दो पक्षों के बीच धार्मिक स्थल को लेकर उपजा विवाद पूरी तरह से शांत भी नहीं हो पाया था कि अब जिला मुख्यालय कवर्धा में एक नया सामाजिक विवाद खड़ा हो गया है। जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय कवर्धा में जिला गोंड़ समाज सेवा समिति द्वारा आदिवासी मंगल भवन के नाम से संचालित गोड़वाना भवन के नाम को बीते दिन किसी असामाजिक तत्व ने काली स्याही से पोत दिया। बताया जाता है कि इस बात की जानकारी सामाजिक पदाधिकारियों को होने पर उन्होने इस घटना पर गहरी नाराजगी तथा आक्रोश प्रकट करते हुए मामले की शिकायत कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की है।

## पेज 9 के शेष

### स्थल निरीक्षण कर दिए ...

बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। लोक कलाकारों को मिलेगा मंचः उल्लेखनीय है कि इस महोत्सव के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पंथी नृत्य, लोक परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को राज्य स्तरीय मंच प्राप्त होगा। इससे लोक कलाकारों को प्रोत्साहन मिलेगा और प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

### क्लैट में विवेक की ...

दिनचर्या, अध्ययनशील माहौल एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाया। बताया गया कि विवेक ने सीमित संसाधनों के बावजूद निरंतर अभ्यास, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया। शिक्षकों का मार्गदर्शन, नियमित अध्ययन और लक्ष्य के प्रति समर्पण उनकी सफलता के प्रमुख कारण रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र. क्रं. 202512230300021/58/अ-2/ वर्ष 2025-26

एतद सर्वसाधारण ग्राम/ नगर मटका तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका तुकेश्वर प्रसाद वर्मा पिता बलदाऊ सिंह वर्मा निवासी वार्ड नं. 09 बेमेतरा तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा ग्राम/ नगर मटका प. ह.नं. 36 तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा में स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 22/1, 23/3 रकबा क्रमशः 1.14, 0.03 कुल खसरा 02 कुल रकबा 1.17 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ बाबत आवेदन पत्र, प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22.12.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपात्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.12.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### मंदिर का ताला टूटा अपराध दर्ज

**भिलाई।** ट्विनसिटी में मंदिर चोरी की वारदात रुकने का नाम नहीं ले रही है। 16 दिसंबर की रात सेक्टर-5 के बालाजी मंदिर और गणेश मंदिर में चोरों ने धावा बोलकर घुसने का प्रयास किया। ताला टूटने की आवाज पर चौकीदार जाग गया। दोनों ही मंदिर समितियों की शिकायत पर पुलिस ने चोरो की तलाश में जुट गई है। चौकीदार ने मंदिर में रखी दान पेटियों और पूजा सामग्री सुरक्षित बचा लिया। बताया जा रहा है कि कंच कामाक्षी मंदिर सेक्टर 5 में कुछ समय पहले चोरी की वारदात हुई थी। सेक्टर-5 के मंदिर चोरों के निशाने पर हैं। सूचना पर मंदिर समितियों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। बालाजी मंदिर और गणेश मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला जा रहा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धो के हुलिए और गतिविधियों की जांच कर रही है। गौरतलब हो कि सुपेला थाना क्षेत्र में नेहरू भवन रोड स्थित काली मंदिर में ताला तोड़कर घुसे चोर ने दान पेटी से नगदी 1.50 लाख रुपए पार किया है। चोरों का अब तक कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है।

### मोबाइल दुकान संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** मोबाइल दुकान संचालक के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि वार्ड 27 शास्त्री नगर कैम्प 1 निवासी मोहम्मद नाजिम खान 23 अगस्त को वह बीएम शाह अस्पताल के सामने स्थित सिद्धि विनायक मोबाइल दुकान पर सिम खरीदने गया था। दुकान संचालक ने आधार कार्ड का फोटो पुराना बताकर कई बार लाइव फोटो और बायोमेट्रिक स्कैन कराया। नाजिम के मुताबिक दुकान संचालक ने 'सर्वर डाउन' और 'प्रोसेस पूरा नहीं हुआ' जैसे झांसा देकर 3-4 दिनों तक टालमटोल किया। उन्हें केवल एक सिम दिया गया, जिसका उपयोग उनकी बहन कर रही है। उस समय कोई जानकारी नहीं मिली। साइबर पुलिस से पता चला कि आधार कार्ड से दो अन्य सिम नंबर भी जारी किया किया है।

झंडारोहण, सतनाम संदेश शोभायात्रा व समारोह में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी की रही सक्रिय सहभागिता

# चेटुवापुरी धाम में गुरु घासीदास जयंती श्रद्धा व समरसता के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

संत शिरोमणि, महान समाज सुधारक एवं मानवता के अमर संदेशवाहक परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती के पावन अवसर पर जिला बेमेतरा अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर झंडारोहण, सतनाम संदेश शोभायात्रा एवं जयंती समारोह श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के साथ आयोजित किए गए। इन आयोजनों में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने सहभागिता निभाई।

चेटुवापुरी धाम में संपन्न आयोजनों में योगेश तिवारी ने बाबा गुरु घासीदास जी के चित्र पर पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। साथ ही उन्होंने सतनाम संदेश शोभायात्रा में शामिल होकर सामाजिक एकता का संदेश दिया। पूरे आयोजन के दौरान "सतनाम", सत्य और समानता के उद्घोष से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा




से परिपूर्ण रहा। शोभायात्रा में समाज के वरिष्ठजन, किसान, युवा, महिलाएं, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिससे सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की सशक्त झलक देखने को मिली। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा कि "बाबा गुरु घासीदास जी का संदेश 'मनखे-मनखे एक समान' केवल विचार नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला जीवन दर्शन है।

**एकता बनाए रखने का लिया सामूहिक संकल्प :** उन्होंने सत्य, अहिंसा और मानवता के मार्ग पर चलकर भेदभाव रहित समाज की नींव रखी। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्य के मार्ग पर चलें,समाज में प्रेम, भाईचारा और समानता बनाए रखें,नशा, हिंसा और भेदभाव से दूर रहें ,बाबा जी के आदर्शों को आने वाली पीढ़ी तक पहुँचाएँ । कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी जनों ने बाबा गुरु घासीदास जी के बताए मार्ग पर चलने, सत्य और समानता को जीवन में अपनाने तथा समाज में सौहार्द और एकता बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मनोज सिन्हा, सरपंच अंजलि सेनवानी, उपसरपंच अनिल मारकण्डे, सुखाराम मारकण्डे, चंद्रकुमार सेनवानी, दिलीप, भगवती बंजारे, जितेंद्र बंजारे, टोपेंद्र सोनवानी, पुरुषोत्तम, दुर्जन मारकण्डे, राजकुमार सेरवानी, धनीराम मारकण्डे, हेमंत डहरे, गणेश दास कुर्रे (प्राचार्य), सजेश नवरंगे, राजेश मारकण्डे, पी.आर. पटले, सवन कुमार, द्वारिका कुर्रे, नमन दास, राकेश टंडन, टेकराम कुर्रे सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक, ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, किसान, युवा एवं महिला वर्ग उपस्थित रहे।

### गुरु घासीदास जयंती पर छत्तीसगढ़ महतारी का तैलचित्र भेंट



**बेरला।** जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पिरदा में गुरु घासीदास जयंती के पावन पर्व पर 18 दिसम्बर को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा छत्तीसगढ़ की अस्मिता के प्रतीक छत्तीसगढ़ महतारी का तैलचित्र भेंट किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य रूप से जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के बेरला ब्लॉक अध्यक्ष धनंजय निषाद उपस्थित रहे। उनके साथ ग्राम पंचायत पिरदा के सरपंच संजू की विशेष उपस्थिति रही। बाबा गुरु घासीदास जी के मनखे-मनखे एक समान के संदेश को याद करते हुए कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जोहर छत्तीसगढ़ पार्टी के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर आशीष वर्मा, भूषण यादव, नरेन्द्र निषाद, खोमु निषाद, रूपेश, निहाल, गोलु, गजेंद्र निषाद, सोहन, पुरेंद्र साहू, नंदू निषाद, खिलेन सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में सुरकी स्कूल में कराया न्योता भोज

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला सुरकी स्कूल में सत्य, अहिंसा, दया, करूणा, समानता, एकता, भाईचारे और मनखे-मनखे एक समान के संदेश वाहक, सतनाम पंथ के संस्थापक गुरु घासीदास जयंती के पावन पर्व में भंवरदा के प्रधान पाठक अरविन्द कुमार सगर ने प्रधान पाठक कृष्णा कुमार सिन्हा जी से प्रेरित होकर संकुल हेमाबंद के सभी प्रधान पाठको , शिक्षको, बच्चों एवं ग्राम सुरकी के गणमान्य नागरिको, जनप्रतिनिधियों, पालक गण को आमंत्रित कर न्योता भोज का आयोजन करवाया।

जिसमे सभी बच्चो को हाथ धुलाई कर भोजन मंत्र करके भोजन ग्रहण कराया गया जिसमे भजिया, पूड़ी, आलू छोले चना,सलाद पापड़, चटनी



खिलाया गया जिसमे न्योता भोज कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवम सदस्यों, गणमान्य नागरिको ने शाला परिवार को ओर से इस पुनीत कार्य एवम सरकार की महत्वपूर्ण योजना का सराहना किया इस अवसर पर सेवानिवृत टी. आई. ध्रुव कुमार मार्कण्डेय, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जगन्नाथ मार्कण्डेय, शाला के मार्गदर्शक कला राम बंजारे, धीरेन्द्र कुमार मार्कण्डेय, कृष्णा कुमार सिन्हा प्रधान पाठक, संतराम ध्रुव शिक्षक ,जगदीश कुमार मिर्जा प्रधान पाठक, कमल प्रसाद कौशले शिक्षक, रामचेत पाल शिक्षक , ग्राम सुरकी कोटवाल परदेशी मानिकपुरी, टिकेंद्र बंजारे, अशोक कुमार वारे, रंजीत वारे, रसोइया श्रीमती संसदीय आडील आदि शिक्षक पालक एवं ग्राम के वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।

# छीतापार में संत गुरु घासीदास बाबा जयंती में शामिल हुई मधु रॉय

**नवागढ़।** ग्राम छीतापार में आयोजित संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जयंती कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता के वातावरण में संपन्न हुआ।

- जिला पंचायत सदस्य ने सामाजिक समरसता के साथ क्षेत्रीय विकास का रखा स्पष्ट रोडमैप



कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं, जिनकी उपस्थिति और ओजस्वी वक्तव्य पूरे आयोजन का केंद्र बिंदु रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मधु रॉय द्वारा बाबा गुरु घासीदास के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास बाबा का मंखे–मंखे एक समान का संदेश केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और विकासात्मक दृष्टि से भी मार्गदर्शक है। समानता, न्याय और भाईचारे के सिद्धांतों पर चलकर ही समृद्ध और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। मधु रॉय ने क्षेत्रीय विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि विष्णुदेव सरकार में पंचायत स्तर पर सड़क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि छीतापार सहित पूरे क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, युवाओं के लिए अवसर सृजन और ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों में सहयोग और जागरूक भागीदारी की अपील भी की। समापन अवसर पर मधु रॉय ने आयोजन समिति और ग्रामवासियों को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए कहा कि धार्मिक-सामाजिक आयोजनों से सामाजिक चेतना सुदृढ़ होती है और विकास के लिए सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के पंच हेमन जांगड़े, मनोज जोशी, पवन जोशी, भंडारी शंकर जोशी, सिरावी चतुर्वेदी, साहेब जांगड़े, गोकुल जांगड़े, शंभु जांगड़े, द्वारिका जांगड़े, कृष्ण जोशी, राजेद जोशी, उत्तरा जांगड़े, प्रदीप जांगड़े की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही कांति बाई, बासन बाई, सरस्वती जोशी, गायत्री जांगड़े, प्रेमीन एवं नीता जांगड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन की दिशा में एक सार्थक कदम उठाते हुए शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला में "बाल विवाह मुक्त भारत" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग बेमेतरा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं समाज को बाल विवाह के दुष्परिणामों, इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों तथा इसकी प्रभावी रोकथाम के उपायों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता डॉ. विद्यानंद बोरकर एवं व्योम श्रीवास्तव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बाल विवाह न केवल सामाजिक अपराध है, बल्कि यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर जुर्माना और कारावास दोनों का प्रावधान है। साथ ही उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि बाल विवाह की जानकारी देना प्रत्येक जागरूक नागरिक का सामाजिक और नैतिक दायित्व है।वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए शिक्षा, सामाजिक चेतना, सामुदायिक सहभागिता और कानून की समुचित जानकारी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि यदि कहीं बाल विवाह की संभावना दिखाई दे, तो तत्काल संबंधित विभाग, महिला बाल संरक्षण इकाई या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचना देकर इसे समय रहते रोका जा सकता है। इस अवसर पर पवन कुमार साहू ने विधिक सहायता एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं, जिससे छात्र-छात्राओं को अपने अधिकारों के साथ-साथ डिजिटल सुरक्षा के प्रति भी सजग किया गया।

- बाल विवाह मुक्त भारत की दिशा में ठोस पहल

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. आस्था तिवारी, सहायक प्राध्यापक बीआर सिवारे,आनंद कुमार कुर्रे, आशीष एक्का, खुशबू ध्रुव, गिरजा वर्मा, अतिथि व्याख्याता हरि प्रकाश सोनवानी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन युवराज पावले द्वारा किया गया।

# गायत्री परिवार की पहल, बदनारा में निकली नशा मुक्ति रैली



**बेमेतरा।** गायत्री परिवार नवागढ़ द्वारा ग्राम बदनारा में नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विभिन्न गांवों से आए अतिथियों का परिचय एवं स्वागत बदनारा स्थित गायत्री मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्ति जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जो गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर बाजार चौक, बीचपारा, महामाया चौक, साहूपारा सहित अन्य मोहल्लों से होते हुए निकली।

रैली में गाजे-बाजे के साथ नशा मुक्त भारत के नारे, प्रेरक गीत एवं संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। बीच चौराहे पर आयोजित सभा में धर्मसभा अध्यक्ष नवागढ़ देवेंद्रधर दीवान ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों में नशा सबसे अधिक विनाशकारी है, जिसे केवल जन-जागरूकता के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है। सेवानिवृत्त व्याख्याता जे.जी. गोस्वामी ने नशे को अधिकांश अपराधों की जड़ बताते हुए कहा कि इसके नियंत्रण से सामाजिक अपराधों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। सीएससी बदनारा के अशोक भारती ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी तथा मादक पदार्थों के सेवन से होने वाली गंभीर सामाजिक, मानसिक एवं शारीरिक समस्याओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने स्वयं नशा न करने तथा दूसरों को भी नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। जागरूकता रैली एवं कार्यक्रम में गायत्री परिवार जिला अध्यक्ष मिलाप राम साहू, शिक्षक मेड़की, ग्राम बदनारा की सरपंच भुखनी जांगड़े, भवमोचन वर्मा, कमोद ठाकुर, शिक्षक कुमार वर्मा (अतरगांव), शांत पटेल (लालपुर), राजू साहू, ढालसिंह साहू, मनोज वर्मा, विष्णु साहू, सुरेन्द्र साहू, हेम कुमार, गेंदूराम, अंगद निषाद, बिसहत मोहिनी साहू, लक्ष्मीनारायण, भारती साहू, रोहित साहू, चैतराम साहू, चिंताराम साहू, मीना बाई, शांति साहू, रेवती साहू, रंजीता साहू, अशोक साहू, मोनिका साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

अतिक्रमण पर विवाद

# भाजपा पार्षद के साथ मारपीट के बाद सड़क पर उतरे दिग्गज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

नगर के अंबेडकर भवन के पास अतिक्रमण हटाने को लेकर शुरू हुआ विवाद शुक्रवार को बड़े राजनीतिक हंगामे में तब्दील हो गया। भाजपा पार्षद कमल राजपूत के साथ हुई मारपीट की खबर के बाद पूरे अंचल में आक्रोश फैल गया, जिसके चलते दिनभर साजा शहर में तनाव की स्थिति बनी रही। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को पार्षद पति अवधेश गोयल और भाजपा पार्षद कमल राजपूत के बीच निर्माण कार्य में अतिक्रमण को लेकर विवाद हुआ था। शाम को मामला थाना पहुंचा, जहां आपसी सहमति से रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई, लेकिन सोशल मीडिया पर पार्षद से मारपीट की खबर वायरल होते ही भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी सक्रिय हो गए।

- साजा शहर में दिन भर बना रहा तनाव का माहौल

**आमने-सामने आए भाजपा-कांग्रेस, सड़क पर उतरे पूर्व मंत्री :** शुक्रवार सुबह से ही भाजपा मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू और नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता अतिक्रमण स्थल पर पहुंच गए और अवैध निर्माण को तत्काल तोड़ने की मांग पर अड़ गए।

मामला तब और गरमा गया जब पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे भी अपने समर्थकों के साथ सड़क पर उतर आए और करीब एक घंटे तक खड़े रहे। मौके पर भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जमा होने से स्थिति नियंत्रण से बाहर होने लगी, जिसे देखकर प्रशासनिक अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए।

### प्रशासनिक कार्रवाई और सीमांकन

तनाव बढ़ता देख तहसीलदार मानकर, सीएमओ लुणहारे, पटवारी और आरआई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और विवादित स्थल का सीमांकन किया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रेरणा शौर्य जीत सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि शहर से हर हाल में अवैध कब्जा हटाया जाएगा और यह मुहिम निरंतर जारी रहेगी।

### कांग्रेस का अल्टीमेटम : नगर बंद की चेतावनी

दूसरी ओर कांग्रेस ने भी इस मुद्दे पर प्रशासन को घेरा है। नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष जनार्दन ठाकुर ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि अगले 7 दिनों के भीतर शहर के सभी 15 वार्डों से अतिक्रमण हटाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो चक्काजाम और नगर बंद किया जाएगा। तनाव के दौरान भाजपा से नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, उपाध्यक्ष प्रेरणा शौर्य जीत सिंह, मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू, जनपद अध्यक्ष जितेंद्र साहू, पार्षद गोपाल वर्मा, गोलू साहू, आशीष वर्मा, दुर्गा गोयल उपस्थित रहे। इसी तरह कांग्रेस से मनोज जायसवाल, जनार्दन ठाकुर, अंजोर यदु, सुशील निर्मलकर, ईश्वर वर्मा शामिल थे।

### नोटिस जारी किया जा रहा

अतिक्रमण को लेकर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया जा रहा है। जल्द ही नियमतः कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
- मानकर, तहसीलदार, साजा

यह पद नहीं, आधी आबादी के नेतृत्व की जिम्मेदारी हैः प्रज्ञा

# नवनियुक्त महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने प्रदेश नेतृत्व का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, जिला बेमेतरा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व के लिए प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के विश्वास, मार्गदर्शन और सशक्त नेतृत्व के कारण उन्हें यह महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारी प्राप्त हुई है, जिसके लिए वे हृदय से कृतज्ञ हैं।

प्रज्ञा निर्वाणी ने भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि उनका निरंतर सहयोग और संगठनात्मक समर्थन सदैव प्रेरणादायी रहा है। इसके साथ ही उन्होंने सांसद विजय बघेल, छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद राजक तथा




प्रदेश भाजपा मंत्री संध्या परगनिहा के प्रति भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिली है। उन्होंने भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, अंजू बघेल, प्रणीश राजक सहित महिला मोर्चा की कार्यकर्ता बहनों को नमन करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की तपस्या, समर्पण और अनुशासन ही संगठन की वास्तविक शक्ति है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा अवस्थी से भेंट कर कृतज्ञता प्रकट की और उनका मुंह मीठा कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### आगे का रोडमैप और प्राथमिकताएं

प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष के रूप में वे इस दायित्व को आधी आबादी के नेतृत्व की बड़ी जिम्मेदारी मानती हैं। उनका संकल्प है कि जिला बेमेतरा की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में गाँव से लेकर हर बूथ तक महिलाओं की सशक्त, सक्रिय और निर्णायक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि महिलाओं को संगठन से जोड़ते हुए राष्ट्र प्रथम की विचारधारा, सेवा, समर्पण और अनुशासन के मूल मंत्र से जोड़ा जाएगा तथा प्रत्येक शक्ति केंद्र, मंडल और बूथ पर महिला नेतृत्व को प्रशिक्षित कर संगठन को और मजबूत किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं को लोकतंत्र में आरक्षण देने के ऐतिहासिक निर्णय और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महतारी वंदन योजना को महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति की महिला तक पहुँचाना महिला मोर्चा की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। अंत में उन्होंने महिला मोर्चा में प्रदेश स्तर पर दायित्व प्राप्त करने वाली जिले की सभी बहनों को शुभकामनाएँ दीं और इसे पूरे बेमेतरा जिले के लिए गौरव का विषय बताया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, ओमी जोशी, किसान नेता योगेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, हर्ष तिवारी, पार्षद रोशन दत्ता, पार्षद नीतू कोठारी, भाजपा नेता अनिल माहेश्वरी, दीपक मोटवानी, राजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया।